**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

===================================================

1. केंद्र सरकार ने विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना बनाने के दावों को पूरी तरह खारिज किया।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का वार्षिक भर्ती कैलेंडर शीघ्र जारी किया जाएगा।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, हरियाणा के किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की उड़ान संसाधनों की कमी के कारण नहीं रुकने दी जाएगी।

4. पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने 560 करोड़ रुपए के बैंक घोटाला मामले में आरोपी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल की ज़मानत याचिका खारिज की।

5. बल्लभगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए खंड स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

===================================

केंद्र सरकार ने उन दावों को पूरी तरह से खारिज किया है जिनमें कहा जा रहा था कि सरकार विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना बना रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने इस संबंध में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और ये दावे पूरी तरह से फर्जी और गैर-जिम्मेदाराना हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने स्पष्ट किया कि **एथेनॉल** और **सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल** दो पूरी तरह से अलग ईंधन हैं और

इन्हें आपस में मिलाकर नहीं देखा जाना चाहिए। SAF एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त है और वैश्विक स्तर पर अपनाया गया है। यह ईंधन कड़े वैश्विक सुरक्षा मानकों और गहन परीक्षणों से गुजरने के बाद ही इस्तेमाल में लाया जाता है।

सरकार ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि उड्डयन सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इस तरह की अफवाहों और भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की है।

---------------------------------------------------------

भाजपा सांसद तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क ज़करबर्ग की माफी को भारतीय संसद की जीत बताया। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत में व्यापार करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को भारतीय कानून का पालन करना होगा।

***<u>यह जो जीत है। यह भारत के कानून की जीत है। यह जीत भारत के संविधान की है, ये जीत भारत के पार्लियामेंट की है और 140 करोड़ लोगों का नेतृत्व करने वाले माननीय प्रधानमंत्री जी की यह ताकत दिखता है कि भारत में जिसको भी व्यापार करना है, उसको भारत का कानून मानना पड़ेगा।</u>***

---------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का वार्षिक भर्ती कैलेंडर शीघ्र जारी किया जाएगा। इससे अभ्यर्थियों को वर्षभर की भर्ती प्रक्रिया, आवेदन, परीक्षा, परिणाम और नियुक्ति की संभावित समय-सीमा की पहले से जानकारी मिल सकेगी तथा वे अपनी तैयारी बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

वे आज सोनीपत में "छात्र संवाद मुख्यमंत्री के साथ" कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे।

श्री नायब सिंह ने युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा -

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की कई शंकाओं को दूर किया।उन्होंने कहा कि सामान्य पात्रता परीक्षा लागू करने का उद्देश्य युवाओं को बार-बार प्रारंभिक परीक्षाएं देने की परेशानी से राहत देना और भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बस पास की सुविधा उपलब्ध कराने के सुझाव पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार किया जाएगा।

कोचिंग फीस पर जीएसटी समाप्त करने के सुझाव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय जीएसटी परिषद के अधिकार क्षेत्र में आता है। वह इस परिषद के सदस्य हैं और विद्यार्थियों के इस सुझाव को परिषद के समक्ष अवश्य रखेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता उपलब्ध कराने के सुझाव पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

---------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हरियाणा के किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की उड़ान संसाधनों की कमी के कारण नहीं रुकने दी जाएगी। शिक्षा में समान अवसर, पारदर्शी व्यवस्था और योग्यता का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

मुख्यमंत्री अंबाला में आयोजित ‘उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार -2026’ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का युवा पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि उसे अपनी मेहनत पर भरोसा है, न कि सिफारिश या खर्ची-पर्ची पर। प्रतिभा का सम्मान और पारदर्शिता ही नए हरियाणा की पहचान बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान उनकी मेहनत का प्रतिफल है।

उन्होंने अंबाला जिले के 70 से अधिक विद्यालयों के 10वीं, 12वीं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम का आयोजन करने वाली पूजा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने लगातार प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। प्रतिभाओं का सम्मान करना राष्ट्र निर्माण की सच्ची सेवा है।

----------------------------------------------------------

पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने 560 करोड़ रुपये के बैंक घोटाला मामले में आरोपी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई ने 22 जून को गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए पंकज अग्रवाल का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि वे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पूर्व अधिकारी रिभव ऋषि के सीधे संपर्क में थे और सरकारी धन के गलत इस्तेमाल में उनकी सक्रिय भूमिका थी।

बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी कि एफआईआर में उनका नाम नहीं था और उन्होंने केवल एक बैंक से दूसरे बैंक में खाते ट्रांसफर करने की प्रशासनिक मंजूरी दी थी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सीबीआई अदालत ने आईएएस पंकज अग्रवाल को राहत देने से इनकार करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

-------------------------------------------------------

बल्लभगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से आज बल्लभगढ़ के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में खंड स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर त्रिवेणी एवं विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस दौरान पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

=======================================